मई,2023 / भाग-1 /अंक 05

# राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर

# मासिक पत्रिका



# विषय वस्तु


1. ई.एस.एस. क्लब निफ्ट गांधीनगर द्वारा समारोह का आयोजन..................02

2. उद्योग भ्रमण का आयोजन.........................................................03

3. 'वासोवे' प्रदर्शनी का आयोजन....................................................04

4. निफ्ट गांधीनगर परिसर का दौरा ..................................................05

5. सेमिनार एवं ग्रेजुएशन शो "एस्पिरेशंस" का आयोजन............................06

6. ग्रेजुएशन शो-"तंतु" का आयोजन...................................................08

7. ग्रेजुएशन शो-"टेक्नोवा एंड टेक्नोटॉक" का आयोजन............................10

8. ग्रेजुएशन शो "अमलगम" का आयोजन.............................................11

9. ग्रेजुएशन शो 'डी. डॉट' का आयोजन..............................................12

10. उद्योग भ्रमण का आयोजन.........................................................13

# ई.एस.एस. क्लब निफ्ट गांधीनगर द्वारा समारोह का आयोजन




एथिक्स एंड सोशल सर्विस क्लब (ई.एस.एस.क्लब) निफ्ट गांधीनगर ने विशेष एजुकेशन सेंटर में एक दिलकश मिलन समारोह का आयोजन किया । निफ्ट गांधीनगर के निदेशक, डॉ. समीर सूद के मार्गदर्शन में क्लब के सदस्यों ने समारोह की शुरुआत वहां बच्चों के साथ रंग भरने की मजेदार गतिविधि के साथ किया, फिर दोपहर में स्वादिष्ट भोजन का आनन्द लिया और दिन का समापन नृत्य और विजेताओं के पुरस्कार वितरण के साथ किया गया ।ईएसएस क्लब के सदस्यों ने भी खेल में भाग लिया, हंसी-मजाक किया और साथ में स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाया । टीम के सभी सदस्यों ने इस अवसर को प्राप्त कर इस दिन को यादगार बनाने के लिए आभार प्रगट किया |






# उद्योग भ्रमण का आयोजन

निफ्ट गांधीनगर के एफ एंड एलए विभाग ने सेम-VI के छात्रों के लिए जयपुर में एक उद्योग भ्रमण का आयोजन किया । आम्रपाली ज्वेल्स, सेवियो ज्वैलरी, वैभव ग्लोबल लिमिटेड की प्रमुख निर्माण इकाइयों में ज्वैलरी और जेमस्टोन निर्माण प्रक्रिया तथा इसकी तकनीकी को देखने के दौरान छात्रों को सीखने का एक व्यावहारिक अनुभव मिला ।



छात्रों ने आईआईसीडी का भी दौरा किया जहां उन्होंने शिल्प प्रदर्शन, ग्लास, टेराकोटा,चीनी मिट्टी की चीज़ें देखा और लकड़ी की कार्यशालाओं में भाग लिया |

जहां संस्थान के छात्रों और शिक्षकों के साथ बातचीत हुईं । 'आम्रपाली संग्रहालय' की यात्रा से छात्रों ने दुनिया भर के प्राचीन आभूषणों और सजावटी समानो की झलक देखी | गुलाबी शहर के नाम से प्रसिद्ध जयपुर के हवा महल और अन्य स्थानीय बाजारों का भी दौरा किया एफ एंड एलए विभाग इस यात्रा को सफल बनाने के लिए  निदेशक प्रो. (डॉ.) समीर सूद के निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन के लिए आभार प्रगट किया |












# 'वासोवे' प्रदर्शनी का आयोजन





एनआईएफटी गांधीनगर में टेक्सटाइल विभाग ने टेक्सटाइल डिजाइन के छात्रों द्वारा बनाए गए 100 से भी अधिक बुनाई पैटर्न का प्रदर्शन करते हुए एक बुनाई डिजाइन प्रदर्शनी 'वासोवे' का आयोजन किया।

निफ्ट गांधीनगर के निदेशक प्रो. (डॉ.) समीर सूद ने समारोह का उद्घाटन किया। प्रो. (डॉ.) सूद ने छात्रों और विभाग को शानदार काम के लिए बधाई दी और प्रत्येक डिजाइन के पीछे छुपी उनकी प्रेरणा और विचारों को समझने के लिए छात्रों के साथ बातचीत की।
















# निफ्ट गांधीनगर परिसर का दौरा



केवीआईसी के राज्य प्रमुख श्री संजय हेदाउ ने निफ्ट गांधीनगर के निदेशक, प्रो. डॉ. समीर सूद के साथ मुलाकात के लिए निफ्ट गांधीनगर परिसर का दौरा किया |

केवीआईसी के साथ संभावित सहयोग, सतत विकास और खादी के सामाजिक प्रभाव पर एक दिलचस्प संवाद हुआ, श्री हेदाउ ने बधाई के प्रतीक के रूप में डॉ.समीर सूद को गांधी चरखा भेंट किया ।



# सेमिनार एवं ग्रेजुएशन शो "एस्पिरेशंस" का आयोजन






एफएमएस विभाग 'पेरसुइंग रेजिलिएंस: ट्रेंड्स एंड प्रिडिक्शन्स फॉर द फैशन इंडस्ट्री 4.0' और एफएमएस ग्रेजुएशन शो "एस्पिरेशंस" बैच 2023 पर सेमिनार आयोजन किया गया |

यह एक शुभ अवसर था, जहां छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी गयी, इस अवसर पर उद्योग जगत के विभिन्न जन सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस आयोजन का उद्घाटन परिसर निदेशक प्रो.(डॉ.) समीर सूद जी एवं संगोष्ठी के सम्मानित वक्ताओं  के कर कमलों द्वारा भव्यता पूर्ण किया गया, इस अवसर पर निदेशक महोदय जी ने आयोजन में उपस्थित सभी जनों का अपने उत्कर्ष  ज्ञान से मार्ग दर्शन किया एवं सभी छात्रों को उनके सफल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी, इसके साथ ही निदेशक महोदय जी ने सभी छात्रों को “वी कनेक्ट” के द्वारा भविष्य में निफ्ट के साथ बने रहने के लिए प्रेरित भी किया जो एक दर्शनीय पल था।









# सेमिनार एवं ग्रेजुएशन शो "एस्पिरेशंस" का आयोजन







इसी के साथ-साथ संगोष्ठी के सम्मानित वक्ता महलेश श्वेता शाह -सलाहकार, आशीष गार्गी - वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स एंड मार्केटिंग, अडानी रियल्टी, आशीष गार्गी - वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स एंड मार्केटिंग, अडानी रियल्टी, अलीन शाह - चीफ ब्रांड स्ट्रैटेजिस्ट, टेल्स एंड स्टोरीज, रोहित सिंह - हेड ऑफ़ बाइंग एंड मर्चेंडाइजिंग, ईबीओ बिजनेस जैक एंड जोन्स, नीलाभ अग्रवाल – हेड ऑफ़ डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, रिलायंस, पूजा शाह - ऑरस की को-फाउंडर,शैली शाह - मोंटांट्रा के संस्थापक ने विभिन्न-विभिन्न विषयों जैसे डिजाइन विकल्पों, नवीनतम तकनीक, बाजार के रुझान और आवश्यकताओं के साथ छात्रों के प्रोजेक्ट पर भी प्रकाश डाला गया एवं अपने-अपने विचारों को प्रस्तुत किया। आयोजन के अंत में सभी छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट की गयी एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ आयोजन की समाप्ति की गयी।








# ग्रेजुएशन शो-"तंतु" का आयोजन





27 मई 2023 को टेक्सटाइल विभाग ने तनारिरी ऑडिटोरियम में अपने स्नातक बैच के छात्रों के काम को प्रदर्शित करने के लिए ग्रेजुएशन शो 2023 'तंतु' का आयोजन किया | ग्रेजुएशन शो के मुख्य अतिथि, खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष माननीय श्री मनोज कुमार ने निफ्ट गांधीनगर के निदेशक,प्रो. (डॉ.) समीर सूद, के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया । प्रो. (डॉ.) समीर सूद ने मुख्य अतिथि का फूलमालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें, उनके चित्र का स्मृति चिन्ह भेंट किया |

















# ग्रेजुएशन शो-"तंतु" का आयोजन





श्री मनोज कुमार और प्रो. सूद ने छात्रों के साथ बातचीत की ताकि उनकी परियोजनाओं और सीखने के परिणामों को समझा जा सके मुख्य अतिथि ने टेक्सटाइल के क्षेत्र में छात्रों की कड़ी मेहनत और अन्वेषण(खोज) की सराहना की, जो भविष्य में टेक्सटाइल सुधार को सशक्त और सक्षम करेगा।

















# ग्रेजुएशन शो-"टेक्नोवा एंड टेक्नोटॉक" का आयोजन






निफ्ट गांधीनगर ने 27 मई 2023 शनिवार, को प्रौद्योगिकी विभाग के 2023 के स्नातक बैच ने ग्रेजुएशन शो समारोह 'टेक्नोवा एंड टेक्नोटॉक' का आयोजन किया। यह एक शुभ अवसर था जहां हम छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए बधाई देते हैं | इस अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) के अध्यक्ष, माननीय श्री मनोज कुमार, ने मुख्य अतिथि के रूप में यहाँ की शोभा बढ़ायी , जेड ब्लू के प्रबंध निदेशक, श्री बिपिन चौहान, ज़ेडेक्स क्लोथिंग लिमिटेड के प्रबंध निदेशक,श्री संजय गोहेल, कोमल समूह के अध्यक्ष,श्री राकेश श्रीवास्तव, सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल थे। फैशन टेक्नोलॉजी विभाग के टेक्नोवा एंड टेक्नोटॉक' में डिजाइन विकल्पों, नवीनतम तकनीक, बाजार के रुझान और आवश्यकताओं के साथ छात्रों की खोज पर भी प्रकाश डाला गया।












# ग्रेजुएशन शो "अमलगम" का आयोजन





फैशन कम्युनिकेशन विभाग ने तनारीरी ऑडिटोरियम में अपने स्नातक बैच के छात्रों के काम को प्रदर्शित करने के लिए ग्रेजुएशन शो 2023 'अमलगम' का आयोजन किया।





कार्यक्रम के  मुख्य अतिथि, खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष माननीय श्री मनोज कुमार ने निफ्ट गांधीनगर के निदेशक, प्रो. (डॉ.) समीर सूद, के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया श्री मनोज कुमार और प्रो. सूद ने छात्रों के साथ बातचीत करते हुए उनकी विविध और दिलचस्प परियोजनाओं के लिए छात्रों की प्रशंसा की। डॉ. समीर सूद ने छात्रों को बधाई दी और उन्हें कई अवसरों के लिए तेजी से बढ़ते संचार उद्योग का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया।





# ग्रेजुएशन शो 'डी. डॉट' का आयोजन





एम.डेस, विभाग ने निफ्ट गांधीनगर में अपने 2023 के स्नातक बैच के छात्रों के काम को प्रदर्शित करने के लिए 2023 ग्रेजुएशन शो 'डी. डॉट' का आयोजन किया । ग्रेजुएशन शो के मुख्य अतिथि, खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष माननीय श्री मनोज कुमार ने निफ्ट गांधीनगर के निदेशक, प्रो. (डॉ.) समीर सूद, के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया । श्री मनोज कुमार और प्रो. सूद ने छात्रों के साथ बातचीत की ताकि उनकी आगे की परियोजनाओं को समझा जा सके । माननीय अध्यक्ष महोदय ने छात्रों द्वारा की गई परियोजनाओं की सराहना की और डिजाइन की समस्याओं और उनके रचनात्मक समाधानों को देखते हुए विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं में छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए विभाग को बधाई दी ।





# उद्योग भ्रमण का आयोजन







अहमदाबाद में एज़्योर फिजिटल के साथ निफ्ट गांधीनगर के रिटेल डीपनिंग स्पेशलाइजेशन फैशन डिजाइन सेमेस्टर 4 के छात्रों ने भविष्य में बाज़ार की स्थिति का पता लगाया, उन्होंने इमर्सिव वी आर टेक्नोलॉजी वाले महंगे स्नीकर्स सहित कई उत्पादों की समीक्षा भी की,वहां के सभी तकनीक और उत्पाद "भारत निर्मित" थे जो हमारे लिए प्रेरणादायक व गर्व की बात थी । फैशन डिजाइन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. भरत जैन, ने स्टोर के दौरे का समन्वय किया और छात्रों के समक्ष विभिन्न पहलुओं की व्याख्या की । भविष्य में तकनीकों की दिशा में हमारा मार्गदर्शन करने के लिए विभाग ने निदेशक प्रो. डॉ. समीर सूद का आभार प्रगट किया |











# उद्योग भ्रमण का आयोजन






निफ्ट गांधीनगर के फैशन डिजाइन,चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने ट्राउजर निर्माण में एमिडास क्लोथिंग प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद का दौरा किया ।
छात्रों को कपड़े के निर्माण से लेकर निरीक्षण व शिपमेंट तक की प्रक्रिया को देखने का मौका मिला । पूरे अनुभव के दौरान एमिडास टीम छात्रों के लिए मददगार रही विजिट के दौरान फैशन डिजाइन विभाग के प्रोफेसर डॉ. वंदिता सेठ, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. भरत जैन, सहायक प्रोफेसर श्री संदीप कुमार मोहर ने अहमदाबाद में परिधान उद्योग के बारे कंपनी के मालिकों के साथ सकारात्मक विचार-विमर्श किया और कैसे शैक्षणिक संस्थान उद्योग के लिए डिजाइनरों को तैयार कर सकते हैं इस विषय पर विचार-विमर्श हुआ | छात्रों के नियमित क्षेत्र के दौरे के लिए विभाग ने निफ्ट निदेशक प्रो. डॉ. समीर सूद का आभार प्रगट किया |





